दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Govt. Registered Social Justice Union

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 03 जनवरी 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 96

## मनु भाकर, गुकेश सहित 4 खिलाड़ियों को खेल रत्न, 32 खिलाड़ी बनेंगे अर्जुन

**नई दिल्ली** । आरएनएस

पेरिस ओलम्पिक में दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास बनाने वाली युवा निशानेबाज मनु भाकर और सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश सहित चार खिलाडिय़ों को देश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार खेल रत्न से सम्मानित किया जाएगा जबकि 32 खिलाडिय़ों को अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने गुरूवार को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा की। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 17 जनवरी, 2025 को सुबह 11 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में विजेताओं को सम्मानित करेंगी।

मनु और गुकेश के अलावा ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को खेल रत्न प्रदान किया जाएगा।

मनु ने न सिर्फ ओलंपिक 2024 के व्यक्तिगत मुकाबले में भारत का परचम लहराया बल्कि 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता। पेरिस ओलंपिक में मिली इस दोहरी कामयाबी ने उन्हें सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया।



शतरंज की सनसनी डी गुकेश को भी खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। गुकेश ने पिछले महीने 12 दिसंबर को शतरंज की दुनिया का युवा वर्ल्ड चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। सिंगापुर में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब जीता था वो महज 18 साल की उम्र में वर्ल्ड चैंपियन बने, जो कि एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है।

खेल मंत्रालय ने यह घोषणा करते हुए एक बयान में कहा कि समिति की सिफारिशों और सरकार की जांच के आधार पर खिलाडिय़ों, कोच, विश्वविद्यालयों को पुरस्कार देने का फैसला किया गया है।

**मनु-हरमनप्रीत ने ओलंपिक, गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप में किया प्रभावित-** 22 वर्ष की मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी थीं जिन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में ही हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरे ओलंपिक में कांस्य पदक जीता। 18 वर्ष के गुकेश सबसे युवा विश्व चैंपियन बने जो पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक में भी सूत्रधार रहे थे। पैरा हाई जंपर प्रवीण ने पेरिस पैरालंपिक में टी64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। यह उन खिलाडिय़ों की श्रेणी है जिनका घुटने से नीचे एक या दोनों पैर नहीं होता है और वे दौडऩे के लिए कृत्रिम पैर पर निर्भर होते हैं।

**32 खिलाडिय़ों को मिलेगा अर्जुन पुरस्कार**

खेल रत्न के अलावा 32 खिलाडिय़ों को 2024 में खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इनके साथ एथलीट सुचा सिंह और पैरा तैराक मुरलीकांत राजाराम पेटकर को अर्जुन अवॉर्ड लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बेहतर कोचिंग देने के लिए पांच लोगों को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिलेगा, जिसमें बैडमिंटन कोच एस मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमांडो एगनेलो कोलासो को लाइफटाइम वर्ग में शामिल किया गया है। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार मिलेगा। वहीं, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को ओवरऑल यूनिवर्सिटी विजेता के तौर पर मौलाना अबुल कलाम आजाद (माका) ट्रॉफी मिलेगी। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फर्स्ट रनरअप और अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी सेकेंड रनरअप रही।

**अर्जुन पुरस्कार**

ज्योति याराजी - एथलेटिक्स
अन्नु रानी - एथलेटिक्स
नीतू - बॉक्सिंग
स्वीटी - बॉक्सिंग
वंतिका अग्रवाल - शतरंज
सलीमा टेटे - हॉकी
अभिषेक - हॉकी
संजय - हॉकी
जर्मनप्रीत सिंह - हॉकी
सुखजीत सिंह - हॉकी
राकेश कुमार - पैरा-आर्चरी
प्रीति पाल - पैरा-एथलेटिक्स
सचिन सरजेराव खिलारी - पैरा एथलेटिक्स
धर्मबीर - पैरा एथलेटिक्स
प्रणव सूर्मा - पैरा एथलेटिक्स
एच होकातो सेमा - पैरा एथलेटिक्स
सिमरन - पैरा एथलेटिक्स
नवदीप - पैरा एथलेटिक्स
थुलासिमाती मुरुगेसन - पैरा बैडमिंटन
नित्या श्री सुमाथी सिवान - पैरा बैडमिंटन
मनीषा रामदास - पैरा बैडमिंटन
कपिल परमार - पैरा जूडो
मोना अग्रवाल - पैरा निशानेबाजी
रुबीना फ्रांसिस - पैरा निशानेबाजी
स्वप्निल सुरेश कुसाले - निशानेबाजी
सरबजोत सिंह - निशानेबाजी
अभय सिंह - स्क्वैश
साजन प्रकाश - तैराकी
अमन सहवारत - कुश्ती

**अर्जुन अवॉर्ड (लाइफटाइम)**
सुचा सिंह - एथलेटिक्स
मुरलीकांत राजाराम पेटकर - पैरा तैराक

**द्रोणाचार्य अवॉर्ड (नियमित वर्ग)**
सुभाष राणा - पैरा निशानेबाजी
दीपाली देशपांडे - निशानेबाजी
संदीप सांगवान - हॉकी

**द्रोणाचार्य अवॉर्ड (लाइफटाइम वर्ग)**
एस मुरलीधरन - बैडमिंटन
अरमांडो एगनेलो कोलासो - फुटबॉल

**राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार**
फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी)

**मौलाना अबुल कलाम आजाद (माका) ट्रॉफी**
चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी - ओवरऑल विनर
लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी - प्रथम उपविजेता
अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी - द्वितीय उपविजेता

## महत्वपूर्ण एवं खास

### भारत और पाकिस्तान ने अपने परमाणु ठिकानों की सूची एक-दूसरे को सौंपी, एमईए ने दी जानकारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत और पाकिस्तान ने एक बार फिर परमाणु सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए बुधवार को एक-दूसरे को अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची सौंपी। यह दोनों देशों के बीच एक लंबे समय से चली आ रही परंपरा है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, दोनों देशों ने आज नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के माध्यम से परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले के निषेध पर समझौते के तहत आने वाले परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया। यह समझौता दोनों देशों के बीच 1991 से लागू है और इसके तहत दोनों देश हर साल जनवरी में एक-दूसरे को अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची देते हैं। यह समझौता दोनों देशों के बीच तनाव कम करने और शांतिपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। हालांकि, दोनों देशों के बीच कई मुद्दे अभी भी बाकी हैं जिन पर बातचीत की जरूरत है।

### ट्रक से कुचलकर 3 लोगों की मौत

**जौनपुर (आरएनएस)।** जिलें के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के अकबर आदमपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों की मौत है। यह जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि बृहस्पतिवार की दोपहर बाइक सवार मीरपुर लाइन बाजार से अपने मौसी के घर 32 वर्षीय अरुण पुत्र श्याम, उसकी बहन 18 वर्षीया बबीता और छोटा भाई 12 वर्षीय राजेंद्र अपने मौसी के घर से लाइन बाजार से बाइक से तीन लोग निकले थे । जैसे ही वह अकबरपुर आदमपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास से पहुंचे कि ट्रक की चपेट में आगए जिसकी मौके पर तीनों की दर्दनाक मौत हो गई पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जब घटना स्थल पर परिजन पहुंचे उनके करूण क्रदन से पूरा गांव षोक मय हा गया।

### चाचा को खोजने निकले भतीजे की सडक़ हादसे में मौत, चाचा की तालाब में डूब कर मौत

**आजमगढ़ ( आरएनएस )।** अतरौलिया थाना क्षेत्र में चाचा को खोजने निकले भतीजे की सडक़ दुर्घटना में मौत का मामला सामने आया है। चाचा की भी तालाब में डूब कर मौत हो गई। अतरौलिया थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर निवासी रंजीत यादव 23 पुत्र हरिराम यादव मंगलवार की देर रात अपने घर से गायब हो गए। रंजीत यादव अपने चाचा इंद्रजीत यादव को खोजने निकला था। काफी खोजबीन के बाद जब उनका कही पता नहीं चला तो थक हार कर वापस घर आ रहा था कि भरौली के समीप ही गड्ढे में गिर जाने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।हालांकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को रानीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों से उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था और घर पर ही रहकर खेती बाड़ी का कार्य देखता था। इधर परिवार में कोहराम मचा ही था की दोपहर ही चाचा इंद्रजीत यादव की मौत की सूचना से पूरा परिवार बिलख उठा।

## मुंबई में नाबालिग से नए साल पर दुष्कर्म, 50 साल के आरोपी पर एफआईआर दर्ज

**मुंबई** । आरएनएस

मुंबई के वसई में नए साल के मौके पर भी एक पीड़िता के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि 16 वर्षीय नाबालिग लडक़ी के साथ 31 दिसंबर और 1 जनवरी को दुष्कर्म किया गया। दरअसल, मुंबई से सटे वसई के वालिव पुलिस थाने में एक 16 वर्षीय नाबालिग लडक़ी ने एफआईआर दर्ज करवाई है। पीड़िता का आरोप है कि उसके साथ 31 दिसंबर और 1 जनवरी को एक कंपनी के केबिन में दुष्कर्म किया गया।

एफआईआर के अनुसार, नाबालिग लडक़ी वसई पूर्व में स्थिति एक कंपनी में काम करती थी। पीड़िता का आरोप है कि 31 दिसबंर की शाम 7 बजे 50 वर्षीय प्रदीप प्रजापति ने उसे किसी काम के बहाने से अपने केबिन में बुलाया और धमकी दे बलात्कार किया। पीड़िता का आरोप है कि उसे घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की भी धमकी दी गई। हालांकि, इसी डर की वजह से आरोपी ने दोबारा एक जनवरी की दोपहर को फिर से उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

पीड़िता के मुताबिक, दोनों ही बार उसे अलग-अलग बात बोलकर केबिन में बुलाया गया था। उससे कहा गया कि उसके खिलाफ शिकायत मिली है और उसे नौकरी से भी निकाल देंगे। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता के साथ जबरन बलात्कार किया। इस घटना के बाद पीड़िता ने एक जनवरी की शाम को ही पुलिस से संपर्क कर आरोपी की शिकायत की। वालीव पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी प्रदीप प्रजापति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी की तलाश की जा रही है।

## श्रीलंका ने रिहा किए 20 भारतीय मछुआरे, लौटे स्वदेश

**चेन्नई** । आरएनएस

श्रीलंका की जेलों से रिहा किए गए 20 भारतीय मछुआरे विमान से चेन्नई पहुंच गए हैं। मछुआरों को एक साल पहले श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार किया था। वे तमिलनाडु के पुडुकोट्टई, रामनाथपुरम और तूतूकुड़ी जिलों के निवासी हैं और श्रीलंका की जेलों में थे।



भारत और श्रीलंका सरकार के बीच बातचीत के बाद श्रीलंका ने 20 मछुआरों को रिहा कर दिया। उन्हें भारतीय दूतावास के अधिकारियों को सौंप दिया गया, जिन्होंने उन्हें अस्थायी नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किए। इसके बाद मछुआरों को कोलंबो से चेन्नई हवाई अड्डे पर ले जाया गया।

चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंचने पर मछुआरों को नागरिकता सत्यापन, सीमा शुल्क जांच और अन्य औपचारिकताओं से गुजरना पड़ा। इसके बाद मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें अलग-अलग वाहनों से उनके गृहनगर पहुंचाने की व्यवस्था की।

ज्ञात हो कि तमिलनाडु के मछुआरा संघ राज्य के मछुआरों की नियमित गिरफ्तारी के बाद तटीय जिलों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने पीएम मोदी को पत्र लिखकर उनसे आग्रह किया है कि वे हस्तक्षेप करें और बीच समुद्र में मशीनी नावों की जब्ती और गिरफ्तारी को रोकें, जो मछुआरों की आजीविका की रीढ़ हैं।

केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में इस मुद्दे पर श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके से बातचीत की थी, जिसमें उन्होंने श्रीलंकाई नौसेना द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों की बार-बार गिरफ्तारी का मुद्दा उठाया। पीएमके अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अंबुमणि रामदास ने भी भारतीय मछुआरों की और अधिक गिरफ्तारियां रोकने के लिए केंद्र से कड़े हस्तक्षेप की मांग की थी।

उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के 504 भारतीय मछुआरे श्रीलंकाई अधिकारियों की हिरासत में हैं। करीब 48 मशीनीकृत मछली पकडऩे वाली नावें भी श्रीलंकाई अधिकारियों के कब्जे में हैं।

## दौसा में सुबह 5.30 बजे हादसा: महाकाल के दर्शन कर लौट रही बस ट्रोले में घुसी, 20 घायल

**दौसा** । आरएनएस

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह घने कोहरे के कारण नांगल राजावतान थाना क्षेत्र के लाडली का बास के पास पिलर नंबर 198 पर भीषण सडक़ हादसा हुआ। उज्जैन से महाकाल के दर्शन कर दिल्ली लौट रहे यात्रियों से भरी बस ने आगे चल रहे ट्रोले को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 20 लोग घायल हो गए, जिनमें से 12 की हालत गंभीर है। हादसा सुबह करीब 5.30 बजे हुआ। बस में 36 यात्री सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस की केबिन पूरी तरह चकनाचूर हो गई। बस के पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने भी बस को टक्कर मार दी, जिससे बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंच गया। घायलों को तुरंत दौसा के जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद 12 गंभीर रूप से घायलों को जयपुर रेफर कर दिया गया। घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी, जो इस हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है।

हादसे की सूचना पर दौसा डीएसपी चारुल गुप्ता भी मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्यों का जायजा लिया। पुलिस ने मौके से क्षतिग्रस्त बस और ट्रक को हटाकर यातायात बहाल किया। इस दौरान पुलिस ने घायलों के परिजनों को सूचना देकर उनकी मदद सुनिश्चित की। घटना के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कई यात्री गंभीर चोटों के कारण बस के भीतर ही फंसे रहे, जिन्हें बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों ने भी राहत कार्य में मदद की।

प्रशासन ने कोहरे के दौरान सडक़ पर विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। पुलिस ने ट्रक और बस चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस हादसे ने कोहरे में तेज गति से वाहन चलाने के खतरों को एक बार फिर उजागर कर दिया है। घटना ने यात्रियों की सुरक्षा और सडक़ पर सतर्कता की आवश्यकता को रेखांकित किया है। प्रशासन ने घने कोहरे के दौरान वाहन चालकों को धीमी गति और सावधानी से वाहन चलाने की सलाह दी है।

### मॉर्निंग वॉक पर निकले नीतीश के मंत्री को ऑटो ने मारी टक्कर, 4 बॉडीगार्ड भी घायल

**सहरसा (आरएनएस)।** बिहार के सहरसा जिले में 1 जनवरी की सुबह मंत्री रत्नेश सदा को एक ऑटो ने टक्कर मार दी है। इस हादसे में रत्नेश सदा सहित उनके चार बॉडीगार्डों को चोटें आई हैं। सभी घायल सदर अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। रत्नेश सदा, जो कि मद्य निषेध विभाग के मंत्री हैं, अपने पैतृक गांव लौटने के बाद सुबह के समय अपने बॉडीगार्ड के साथ मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक ऑटो चालक ने उनके वाहन को रौंद दिया। इस टक्कर में मंत्री रत्नेश सदा और उनके चार बॉडीगार्ड घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि सभी की हालत पहले से बेहतर है। रत्नेश सदा का इलाज सफलतापूर्वक पूरा हो जाने के बाद उन्हें अस्पताल से घर भेज दिया गया है। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा, ऑटो को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस जांच में लगा हुआ है और आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री रत्नेश सदा ने इस घटना पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सरकार नागरिकों की सुरक्षा के प्रति सजग रहेगी और ऐसे हादसों के लिए कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## गढ़चिरौली में माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**नई दिल्ली** । आरएनएस

महाराष्ट्र में नक्सलवाद और माओवादियों के खिलाफ देवेंद्र फडणवीस की सरकार एक्शन मोड में है। गढ़चिरौली में 11 नक्सलियों ने नए साल के पहले दिन आत्मसमर्पण कर दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसे महाराष्ट्र सरकार के प्रयासों का फल बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। लिखा, मैं महाराष्ट्र सरकार द्वारा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के प्रयासों की सराहना करता हूं। इससे निश्चित रूप से जीवन की सुगमता बढ़ेगी और और भी अधिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। गढ़चिरौली और आस-पास के क्षेत्रों के मेरे बहनों और भाइयों को विशेष बधाई।


इससे पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर कहा, गढ़चिरौली में माओवादियों का प्रभाव था। यहां माओवादियों के प्रभाव को खत्म कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ को जोडऩे वाला रास्ता और पुल तैयार किया गया है। यहां पर 75 साल बाद लोगों को एसटी बस देखने को मिलेगी।

नक्सलवाद खत्म करने की डेडलाइन पर उन्होंने कहा कि गढ़चिरौली में अब नए लोग माओवादियों के संगठन में शामिल नहीं हो रहे हैं। जल्द ही राज्य नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। हम लोगों ने इस ओर कदम बढ़ा दिया है। गढ़चिरौली ऐसा पहला जिला बना दिया गया है जहां माओवादियों का प्रभाव खत्म हो गया है। सीएम ने गढ़चिरौली में नक्सलवाद के खिलाफ पुलिस की कोशिशों को सराहा।

## शीतलहर की चपेट में देश के कई राज्य, ठंड और कोहरे को लेकर आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट

**जयपुर** । आरएनएस

देश के कई राज्य शीतलहर की चपेट में हैं। उत्तर भारत में लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी तो मैदानी क्षेत्रों में सर्द हवा और कोहरे से आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। नए वर्ष का आगाज शीतलहर से हुआ है। एक जनवरी को पंजाब , हरियाणा और उत्तर प्रदेश में ठंड ने गलन बढ़ा दी। अगले एक हफ्ते तक पारा और लुढक़ सकता है। इसे लेकर आईएमडी ने अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में येलो अलर्ट जारी किया गया है।



मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश में गुरुवार को तापमान में सुधार के संकेत दिए गए हैं। सुबह के समय यहां तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और रात का तापमान 9 डिग्री सेल्सियस होने के आसार जताए गए हैं। इससे जहां दिन में सर्दी से लोगों को थोड़ी राहत मिलेगी, तो वहीं रात के समय सर्दी बढ़ेगी। श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी सहित अन्य जिलों में तीन जनवरी के लिए मौसम विभाग की तरफ से येलो अलर्ट जारी किया गया है।

उधर, उत्तर प्रदेश के छोटे शहरों और कस्बों में भी सर्दी ने लोगों को परेशान कर दिया है। फिरोजाबाद और जौनपुर में हाड़ कंपा देने वाली ठंड से लोग परेशान हैं। सुबह खेत खलिहानों में विजिबिलिटी बेहद खराब रही और दूर तक कोहरे की घनी चादर दिखी। स्थानीय निवासी ने बताया कि नए साल का दूसरा दिन है और भयंकर कोहरा पड़ रहा है। दूर-दूर तक कुछ भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। सडक़ें सुनसान पड़ रही है। इस ठंड की वजह से बुजुर्गों और बच्चों को खासा परेशानी हो रही है। तीन जनवरी से उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है।

राजस्थान की राजधानी जयपुर में भी गलन बढ़ गई है। लोग सर्दी के कहर से खुद को बचाने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। सीकर प्रदेश का सबसे ठंडा इलाका दर्ज किया गया है। यहां न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस रहा है। अजमेर में बुधवार रात तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कई हिस्सों में शीतलहर की चेतावनी भी जारी की है। कोहरे का प्रभाव आज उत्तरी-दक्षिणी और पूर्वी राजस्थान बताया जा रहा है।

वहीं, पंजाब के अमृतसर का भी कुछ ऐसा ही हाल है। दूर-दूर कुछ नजर नहीं आ रहा है। कोहरे की वजह से लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस सर्दी के कहर की वजह से लोग अपने घरों से भी बाहर निकलने से बच रहे हैं। लोग यहां ठंड से बचने के लिए आग सेंक रहे हैं। सडक़ों पर वाहनों की संख्या भी कम है। गिने चुने वाहन ही नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग ने बठिंडा, मोगा, मानसा, फिरोजपुर, फाजिल्का, फरीदकोट, मुक्तसर, बरनाला में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है।

इसके अलावा, पंजाब के कई जिलों में कोहरे का असर भी देखने को मिल रहा है। कई जिलों में विजीबिलिटी जीरो पर पहुंच गई है। मौसम विभाग ने बताया कि चार जनवरी को मौसम फिर करवट बदल सकता है। चार जनवरी को पंजाब के पठानकोट, अमृतसर, गुरदासपुर, तरनतारन और होशियारपुर में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।